लोकार्पण

कुंडलपुर स्थित रुक्मणी माता परिसर में 4 करोड़ 70 लाख रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण व पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित

इतिहास केवल प्रमाणों से नहीं बल्कि लोककथाओं, शास्त्रों और परंपराओं से समझा जाता है

नवभारत,दमोह. कुण्डलपुर में स्थित रुक्मणी मठ और बड़े बाबा मंदिर स्थल सदियों पुरानी आस्था के प्रतीक हैं. इन स्थलों की दिव्यता, भव्यता और स्वच्छता बनाए रखना हमारा सामूहिक कर्तव्य है, इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कुंडलपुर स्थित रुक्मणी माता परिसर के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये.इस अवसर पर तहसील पटेरा के मेरिट में आने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया.पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा, जिस मूर्ति को लेकर विवाद था, उसकी

पहचान को लेकर स्पष्टता नहीं थी यहाँ तक कि स्वयं उन्होंने भी उसे पहले कभी नहीं देखा था. विभिन्न लोगों द्वारा प्रस्तुत चित्र भी गलत पाए गए, जिससे भ्रम और बढ़ा। इसके बावजूद, यह स्पष्ट किया गया कि जो मूर्ति चोरी हुई थी और बाद में ज़ब्त की गई, उसे ही वापस लाना प्राथमिकता होनी चाहिए,न कि उसकी पहचान को लेकर अनावश्यक विवाद करना. इसी दृष्टिकोण के चलते मूर्ति की वापसी का रास्ता प्रशस्त हुआ. उन्होने इस पहल का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया, जिनके कार्यकाल में एक महत्वपूर्ण नीति बदलाव किया गया . पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल ने बताया कि 4 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई .

इस अवसर पर नागरिक, श्रद्धालु उपस्थित रहें

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, नरेन्द्र बजाज,डां. अलोक गौस्वामी, गोपाल पटेल,संजय यादव, भरत यादव, पं .नरेंद्र व्यास,जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई, गंगाराम पटेल, जपं अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर,नगर पंचायत अध्यक्ष कमल रानी,पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, रूपेश सेन, महेश पटेल, करन सिंह लोधी, बलवंत सिंह,राजेश पटेल,पं .गजेन्द्र पुरी महराज,आचार्य दीपक उपाध्याय, चंद्रकांत पौराणिक, पं .आशीष दत्त कटारे, राजेन्द्र पटेल,यशपाल सिंह ठाकूर, मनीष तंतुवाय,धर्मेन्द्र पटेल,अमर राजपूत, चटन पटैल,नर्मदा एकता सिंह, चित्तर बेनी नन्ना,बहादुर पटेल,मालती असाटी,जगेन्द्र सिंह,चंद्रकुमार सराफ़नरेंद्र बजाज, शंकरलाल तंतुवाय,गौरव पटेल, रमाकांत बाजपेयी, नर्मदा राय,सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे,एसडीएम हटा ऋषिकेश विजय ठाकरे, तहसी लदार उमेश तिवारी मानसी अग्रवाल,अदिती एच ठाकुर प्रभारी ई.ई. ग्रामीण यांत्रिक सेवा,जनपद पंचायत सीईओ हलदर मिश्रा,संजीव गोस्वामी,बीएस यादव,आजीविका मिशन शैलेंद्र श्रीवास्तव,एसडी ओपी सौरभत्रिपाठी,थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय,सौरभ शर्मा, टीआई सरोज ठाकुर,सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, मीडियाजन,बड़ी संख्या में ग्राम व आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिक तथा श्रृद्धालुगण मौजूद रहे .कार्यक्रम का संचालन माधव पटेल ने किया .

इतिहास केवल प्रमाणों से नहीं, बल्कि लोककथाओं, शास्त्रों और परंपराओं से भी समझा जाता है,जो समाज को दिशा देते हैं .
-प्रहलाद पटेल पंचायत मंत्री

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने दमोह जिले में रुक्मणी माता मंदिर परिसर के नवनिर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 4.70 रुपए करोड़ की लागत से तैयार हुआ यह परिसर क्षेत्र .
-मंत्री धर्मेंद्र सिंह

पशुपालन व डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन इतिहास में दर्ज होने योग्य है .उन्होंने कहा वर्षों पहले यह क्षेत्र काफी पिछड़ा था, लेकिन अब यहां का दृश्य पूरी तरह बदल चुका है
-मंत्री लखन पटेल

जनसमूह और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी क्षेत्र में विकास का कार्य आधा ही पूरा हुआ है और शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए .
डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, अध्यक्ष म.प्र.राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग

बहुत ही शानदार स्थान बना इसके लिए मैं मंत्री प्रहलाद सिंहको बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा, उन्होंने इस तरीके से माता रुक्मणी देवी के मंदिर के प्रांगण का जिस तरीके से उन्नयन कराया है, सभी बधाई के पात्र हैं .
जयंत कुमार मलैया, पूर्व मंत्री व दमोह विधायक

पंचायत मंत्री पटेल ने न केवल मठ के विकास कार्यों को पूरा किया, बल्कि सैकड़ों वर्षों से चोरी हो चुकी मूर्तियों की पुन: स्थापना के लिए भी निरंतर प्रयास किए .आज मठ में जो लोकार्पण कार्यक्रम हो रहा है, वह उन्हीं के संकल्प और कार्यों का परिणाम है .
-उमा देवी खटीक ,हटा विधायक

नासिक में कथित यौन उत्पीड़न व धर्मांतरण की घटना के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन

- घंटाघर पर चक्का जाम, फूंका पुतला
- मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग

नवभारत,दमोह. नासिक स्थित कंसल्टेंसी सर्विसेज कार्यालय में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोपों के विरोध में शनिवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने शहर के घंटाघर पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए पुतला दहन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की.प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया, जिससे कुछ देर यातायात प्रभावित रहा. मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर रखी गई.शंभू विश्वकर्मा ने कहा कि हिंदू युवतियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण गंभीर मामला है.

इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए.कार्यक्रम में अंजू खत्री, नित्या प्यासी, राम मिश्रा, सत्यम चौरसिया, दीपक नेमा, गोलू चौबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे. वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में सीएसपी एचआर पांडे और कोतवाली टीआई मनीष कुमार, यातायात दलबीर सिंह मार्को सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा.

हिन्दी लेखिका संघ ने नारी शक्ति वंदन का काव्यांजलि द्वारा स्वागत किया

नवभारत,दमोह। सरस्वती कन्या विद्यालय के सभागार में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मालती असाटी के मुख्यातिथ्य,डॉ प्रेमलता नीलम के विशिष्टातिथ्य एवं संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले की अध्यक्षता में हिन्दी लेखिका संघ दमोह की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न हुई ।यह काव्यांजलि संस्था सह सचिव संगीता पान्डे द्वारा प्रायोजित की गई। मां हंस वाहिनी के पूजन से उपरांत सरस्वती वंदना संगीता पान्डे ने प्रस्तुत की ।नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने की पूर्वापेक्षा में सभी बहनों ने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में पुष्पा चिले ने कहा कि हम महिलाओं को यह बड़े गौरव के पल हैं ।इस दिन के लिए हमने लम्बा इंतजार किया है ।अब नारियां

बराबरी से देश के विकास में हाथ बटायेंगी। साहित्यकार बहनें भी देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभायेंगी। द्वितीय चरण में काव्यांजलि प्रस्तुत की गई। पुष्पा चिले ने कहा नारी की गरिमा स्वीकारो,निज निर्मित उसकी प्रतिभा को किसी पुरुष से कम न आंको। डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा दोपहर की धूप जले, धरती पर पांव, आओ इस गांव चाहे जाओ उस गांव। कुसुम खरे श्रुति जग का भार उठाने वाले, मेरे समय भी दौड़े आना। मालती असाटी नारी तूं वंदनीय है, अभिनंदनीय है। जन डॉ रेवा चौधरी लू के गरम थपेडे जब चलते हैं, राहों पर कदम ठहर जाते हैं। मधुलता पाराशर फिर आया बंजारा मौसम,भटक भटक कर हारा मौसम। स्नेहा चौहान गर्मी की ऋतु नहीं बेमानी, लगती सबको बडी सुहानी। लता गुरु ग्रीष्म बहुत तप रही, मन होता बेजार, सूरज को भी आ गया जैसे क्रोध अपार। मनोरमा रतले आइये हम एक प्रयास करें.

दो दिवसीय अखंड रामायण का समापन

नवभारत,दमोह। शहर स्थित ग्वाल बाबा मंदिर किलाई नाका दमोह में प्रभु श्री राम की कृपा से अखंड रामायण पाठ का आयोजन पंडित अनूप तिवारी साहिल मोटर्स के द्वारा किया गया .इस धार्मिक आयोजन में जय जय सरकार अजब धाम पधारे व कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक पूर्व विधायक अजय टंडन,सिद्धार्थ मलैया, रमन खत्री, कपिल सोनी,संदीप यादव,डॉ गिरीश मिश्रा,राशू चौहान, संदीप यादव, मानक पटेल, परम यादव, मुकेश सेन,पप्पू तिवारी, बबलू अग्रवाल,श्याम दुबे,कार्यक्रम के प्रभारी पंडित प्रकाश दुबे, आदि रहें .

कैरियर गाइडेंस एवं हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन

नवभारत,दमोह.एम.वाय.एल.अ ॉर्गेनिक संस्था द्वारा दमोह के सिद्धि विनायक होटल सागर नाका दमोह में दा जनरेसन ऑफई-कॉमर्स एंड हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंजी.प्रमोद सिंह लोधी मोटिवेशनल स्पीकर व विजय कुमार हनमत इंटर पिनयुअर मोटिवेशन स्पीकर की विशेष उपस्थिति रही.कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का फूल माला से भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि इंजी.प्रमोद सिंह लोधी ने छात्र छात्राओं के कैरियर को लेकर बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती बेरोजगारी को एक गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि के युवा पारंपरिक रोजगार के सीमित अवसरों के कारण चिंतित हैं.ऐसे

समय में डायरेक्ट सेलिंग और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्र युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान कर रहे हैं. एम.वाय. एल.ऑर्गेनिक संस्था इन क्षेत्रों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने.

सुमित कोरी का सुयश

नवभारत,हिंडोरिया/दमोह. माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा मे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के छात्र सुमित कोरी ने 500 में से 446 (89.2प्रतिशत) अंक हासिल कर अपने माता पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें प्रोसेस कोचिंग क्लास के संचालक नारायण पटेल ने बधाई दी ।इस उपलब्धि पर छात्र सुमित कोरी ने अपनी सफलता पर श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने मार्गदर्शक कोचिंग शिक्षक नारायण पटेल एवं उनकी टीम सभी शिक्षक परिवार को दिया है सुमित ने बताया कि बो आगे की पढ़ाई कृषि विज्ञान लेकर कृषि अधिकारी बनना चाहते हैं

3 मई को होगा ब्राम्हण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार

नवभारत,दमोह. श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर जनपद के पास दमोह में बैठक आयोजित की गई बैठक में सभी विद्वानों द्वारा निर्णय लिया गया कि विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी उपनयन संस्कार पुजारी पुरोहित संघ द्वारा पुन: किया जावे . जो कि आगामी दिनांक 3 मई रविवार को निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार होगा .बैठक में पुजारी पुरोहित संघ जिला अध्यक्ष पंडित अजय गर्ग, पंडित कमलेश तिवारी,विकाश पांडे, पंडित राजेश पाठक, पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग,पंडित राम अवतार तिवारी, पंडित महेंद गर्ग, पंडित गोविंद प्रसाद दुबे,पंडित ओम प्रकाश पाठक, पंडित देवेंद्र दुबे, आशीष कृष्ण शास्त्री, कृष्ण कांत गौतम,सुनील दुबे, जुगल तिवारी राम गोपाल दादौरिया, ठाकुर दास जी,कमलेश मिश्रा, सुशील बडगैया, अमित समदरिया, विनोद पांडे, जागेश्वर तिवारी, दीपक त्रिवेदी,नरेंद्र भारद्वाज, राधे पाठक, की उपस्थिति रही .

एक नजर में

ज्योतिषाचार्य डॉ .रज्जन पटैल को भारतीय प्राचीन वास्तुशास्त्र में पीएचडी उपाधि प्राप्त

नवभारत,दमोह . यदि मन में चाहत व परिश्रम के लिए हो तैयार तो जीवन में मनुष्य बहुत कुछ कर सकता है व उच्च अध्ययन व शोध के लिए उम्र एवं परिस्थितियां भी बाधक नहीं बनती .यह सिद्धकर दिखाया,दमोह के ज्योतिषा चार्य डॉ . रज्जन पटैल ने जिन्होंने 53 वर्ष की उम्र में महर्षि पाणिनि संस्कृत व वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन से भारतीय प्राचीन वास्तुशास्त्र में शिक्षा जगत की उच्चतम डिग्री पीएच .डी .उपाधि प्राप्त की. पीएच .डी. का शोध विषय- वास्तुपुरुषमण्डल के देवों के आधार पर गृहों की प्रायोगिक समीक्षा . जिसके लिए पटैल ने भारतीय सनातन ग्रंथो में से वेद,पुराण, उपनिषद,दर्शन, गृहसूत्र, बाल्मीकि रामायण,ज्योतिष व प्राचीन वास्तुशास्त्र के सैकड़ो ग्रन्थों का सतत 6 वर्षों तक अध्ययन किया व अपने शोध प्रबन्ध में गागर में सागरों को समा दिया .

बकाया राशि जमा नहीं करने पर सप्लाई बंद की

नवभारत,दमोह। कार्यपालन अभियंता दमोह उत्तर संभाग के निर्देशानुसार में विभिन्न ग्रामों में वसूली हेतु निर्देश दिय गए .जिसमे ग्राम देवरी,कौआखोह, मेह्गुवा,कजरा,जमुनिया जेर,बमनी,बेलखेडी,हाथीभार, भौड़ा,बिछिया, जवारी,उरेहा मे समाधान योजना का शिविर लगाया गया व डोर टू डोर संपर्क किया गया . जिसमें विद्युत् उपभोक्ताओं द्वारा किसी ने भी विधुत बिल विद्युत् देयक का भुगतान नहीं किया गया . जिसमे ग्राम देवरी में 40 उपभोक्ताओं पर 74 हजार बकाया राशि,ग्राम कौआखोह में 26 उपभोक्ताओं पर 2 लाख 75 हजार बकाया राशि, ग्राम मेह्गुवा में 38 उपभोक्ताओं पर 4 लाख 31 हजार बकाया राशि,ग्राम कजरा मे 38 उपभोक्ताओं पर 4 लाख 78 हजार बकाया राशि,ग्राम जमुनिया व जेर मे 215 उपभोक्ताओं पर 25 लाख 74 हजार बकाया राशि,ग्राम बमनी में 146 उपभोक्ताओं पर 21 लाख 23 हजार बकाया राशि, ग्राम बेलखेडी में 23 उपभोक्ताओं पर 1लाख 43 हजार बकाया राशि,ग्राम हाथीभार मे 82 उपभोक्ताओं पर 10 लाख 50 हजार बकाया राशि, ग्राम भौड़ा में 60 उप भोक्ताओं पर 8 लाख 75 हजार बकाया राशि व ग्राम बिछिया, जवारी,उरेहा में 45 उपभोक्ताओं पर 5 लाख 28 हजार बकाया राशि होने पर जमा न करने पर डीटीआर से सप्लाई बंद करने की कार्यवाही की गई .

आज भी जारी है छूताछूत, पुलिस ने निकलवाई बारात

नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह. जहां शासन प्रशासन देश में एकता भाई चारे की भावना बड़ाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है.वहीं हिन्दू संगठन भी हिन्दू एकता की बात कर रहे पर जाती बात है की कुछ अनपढ़ जाहिलो की बजह से समाप्त नहीं हो रही है. ऐसा ही मामला जनपद के ग्राम रामादेही में सामने आया कि विजय अहिरवार पिता प्रीतम अहिरवार की शादी होनी थी और आज बारात जानी थी. इसके पूर्व रछुआई ग्राम में घोड़े पर निकल नी थी. पर ग्राम के कुछ लोग विरोध कर रहे थे जिस पर परिजनों ने भीम आर्मी के लोगो से संपर्क किया.जिस पर भीम आर्मी ने एक लिखित आवेदन थाने में दिया.जिस पर थाना प्रभारी ने संज्ञान लेते हुए ग्राम में पुलिस कर्मीओ को भेजकर ग्राम में घोड़े पर विजय की रछुआई निकल वाई और विजय की रछुआई घोड़े पर निकलने पर विजय और उसके परिवार जनो में खुशी व्याप्त है. विशेष बात यह है कि 14 अप्रेल को तेजगढ़ में और 16 अप्रैल को तेंदुखेडा मे संस्कर्ति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने सामाजिक एकता और भाई चारा बनाने की बात की.पर दो दिन में ही अनपढ़ लोगो के कारण पुलिस की मौजूदगी मे रछुआई निकली. फिर विजय ने बाबा साहेब की फोटो हाथो में लेकर ग्राम मे रछवाई निकाल कर शासन और पुलिस का आभार व्यक्त किया.

ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर थाना कोतवाली की कार्यवाही

नवभारत, दमोह. पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आईपीएल क्रिकेट सट्टा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था, जो एसपी के निर्देशन, एएसपी व सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया गया। इसी तारतम्य में 17 अप्रैल को मुखबिर सूचना के आधार पर जबलपुर नाका दमोह में रेड कार्यवाही की गयी.जो आरोपी सौरभ पिता सुरेन्द्र कुमार खरे उम्र 38 साल निवासी आदर्श स्कूल के पीछे, जबलपुर नाका, वैभव पिता विनोद जैन निवासी सिविल वार्ड नं 4



दमोह, शिवा पिता भरत राय उम्र 26 साल निवासी सिविल वार्ड नं 7 दमोह आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते हुए मिला.जिनके कब्जे से एक रेडमी कंपनी का मोबाईल कुल कीमती 13,720 रुपए. एक आईपीएल क्रिकेट की सट्टा पर्ची,राड पेन, 3000 रु. नगद, मोबाईल में आई.डी.सी-633573 चला रहा था.मोबाईल में क्वाइन 3720 रुपये थे.एक सेमसंग कम्पनी का मोबाईल कीमती 9000 रु., क्वाईन 54926 कुल 63926 रु, एक हायर कम्पनी की एलईडी टीव्ही मय दो रिमोट के कीमती 30000 रु., जियो फायबर के दो बाक्स जिसमें एक छोटा एक बडा कीमती 1000 रुपये, एक सफेद रंग का बिजली बोर्ड कीमती 1000 रु.,5000 रु.नगद कुल एक लाख रुपये का मसरूका जप्त किया गया.सराहनीय कार्य में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली, प्र.आर.अभिषेक चौबे, प्र.आर. महेश यादव, आर.नरेन्द्र पटेरिया,आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा,आर. आकाश पाठक का योगदान रहा.

गुलमोहर के पेड़ों में आई फूलों की बहार

नवभारत, पथरिया। ग्रीष्म ऋतु के चरम पर गुलमोहर अपनी शाखाओं से अधिकांश पत्ते गिरा देते हैं और लाल, नारंगी रंग के फूलों के गुच्छे खिल ज़ाते है। इस

विहंगम दृश्य से प्रतीत होता है मानो जैसे पेड़ों पर फूलों की बहार आ गई हो। सडकों से गुजरने वाले हर किसी को यह अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

बाल विवाह रोकने धर्म गुरूओं, समाज प्रमुखों सचिवों व जन प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

नवभारत,दमोह। संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह व महिला बाल विकास विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जनपद कार्यालय दमोह के सभागार में सन्निकट अक्षय तृतीया पर्व को दृष्टिगत रखते हुए धर्म गुरुओं,विभिन्न समाज प्रमुखों, सचिवों व सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों की एक गरिमामय बैठक का आयोजन किया गया.इस मौके पर डीएसपी देवीसिंह ठाकुर,दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, बाल कल्याण समिति सदस्य रश्मि वर्मा, डॉ.मोनिका पालीवाल,सामाजिक कार्यकर्ता नीता मिश्रा,कंचन असाटी, भागवताचार्य पंडित रवि शास्त्री,पंडित जागेश्वर तिवारी, काजी कुतुबुद्दीन खान, विश्वकर्मा समाज की प्रदेश अध्यक्ष एकता विश्वकर्मा आदि वक्ताओं ने बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण जैसी अनेक सामाजिक कुरीति व अपराध सहित बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला. मंच संचालक सामाजिक कार्यकर्ता खुशबू तिवारी द्वारा संस्था की प्रगति व लक्ष्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.संकल्प संस्था जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने जिले में बाल अधिकारों व बाल अपराधों को रोकने किये गये संस्था के प्रयासों की जानकारी देते हुये सभी उपस्थितजनों से आगे आकर दमोह जिले को बाल हितैषी बनाने की अपील की गई. कार्यक्रम के अंत मे बाल विवाह रोकने जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर द्वारा सामुहिक शपथ दिलाई गई.इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग सहायक संचालक संजीव मिश्रा,अधिकारी अनन्तराम कुर्मी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विप्र समाज मीना पाठक, संजय शर्मा, जितेन्द्र जैन, स्वेता खरे, प्रतिभा ठाकुर,राकेश शर्मा, प्रहलाद रैकवार, राहुल जैन सहित बडी संख्या में दमोह जनपद के सचिव मौजूद रहे.

विद्युत लाइनों का प्री मानसून मेंटेनेंस, सुचारू कार्य जारी

नवभारत,दमोह .जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को म.प्र.शासन व कंपनी की मंशानुसार बरसात के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाये रखने के लिए मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी दमोह वृत्त के अंतर्गत सभी वितरण केन्द्रों में मानसून पूर्व विद्युत लाइन,वितरण ट्रांसफार्मर व उपकेन्द्रों का रखरखाव कार्य प्रारंभ हो चुका है.जिसके तहत दमोह ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 33/11 के. व्ही उपकेन्द्र- मारूताल, खिरिया मडला, 33 के.व्ही. औद्योगिक क्षेत्र, 33 के.व्ही.पी.जी.सी.आई. एल.,33 के. व्ही. बांसा, 33 के.व्ही.

शहर का विद्युत ढांचा व मेंटेनेंस एक नजर में

जिला मुख्यालय पर वर्तमान में 06 नं. 33/11 के . व्ही. उपकेन्द्र कियाशील हैं .33 के .व्ही. लाइन के 07 नं. की लंबाई लगभग 45 कि .मी. है,11 के .व्ही. लाइन के 18 नं. फीडर जिनकी लंबाई लगभग 100 कि .मी. है तथा 515 नं. वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित हैं . उक्त में से 02नं .विद्युत उपकेन्द्र, 20 कि .मी. 33 के . व्ही. लाइन एवं 13 नं. 11 के .व्ही. फीडरों का रखरखाव कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष उपकेन्द्रों, फीडरों व ट्रांसफार्मरों का रखरखाव कार्य लगातार जारी है .

बांदकपुर व 33के.व्ही. हिण्डोरिया लाइनों का रखरखाव कार्य पूर्ण किया जा चुका है.साथ ही 11के.व्ही. आमचौपरा, हथनी, हिरदेपुर, खौजाखेडी फीडरों का रखरखाव कार्य भी पूर्ण हो चुका है, शेष फीडरों पर लगातार रखरखाव का कार्य जारी है.रखरखाव कार्य की समीक्षा लगातार संबंधित उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है. पीन खाव कार्य प्रारंभ हो चुका है.कार्य पूर्ण हो जाने से 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र बांसा से निर्गमित 11 के.व्ही. फीडर, जिसपर 40 ग्राम जुड़े हुए हैं, उनको वैकल्पिक विद्युत सप्लाई उपलब्ध हो सकेगी.

सूखे बांसों में भीषण गर्मी में लगी आग

नवभारत,दमोह. शहर स्थित होमगार्ड ग्राउंड के पीछे सूखे बांसों में शनिवार दोपहर भीषड़ गर्मी में आग लग गई थी.जहां मौके पर होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन सहित टीम ने फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पा लिया था.

टीबी जागरूकता

ग्रामीणों को बताया गया टीबी का उपचार पूरी तरह संभव और नि :शुल्क उपलब्ध

चौपाल और टीबी स्क्रीनिंग की गई

नवभारत,दमोह.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के अठया के निर्देश पर जबेरा विकासखंड में टीबी मुक्त भारत अभियान 2026 के तहत जिला क्षय इकाई दमोह ने खांसी केन्द्रित टी.बी. चौपाल एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये गये। ग्रामीणजनों को बताया गया कि टी.बी. का उपचार पूरी तरह संभव है। यह उपचार सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों को नियमित दवा लेने एवं उपचार बीच में न छोड़ने की सलाह दी गई ।ग्राम पंचायत घाना मैली में खांसी केन्द्रित टी.बी. चौपाल की गई आयोजित

जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में जबेरा के ग्राम पंचायत घाना मैली में खांसी केन्द्रित टी.बी. चौपाल आयोजित की गई ।इस अवसर पर सरपंच श्रीमति गुड्डी बाई, पिरामल हेल्थ डी.सी. लॉरेंस रायबोले विशेष रूप से मौजूद रहे। चौपाल दौरान जिला टी.बी. समन्वयक दीपक राजपूत ने बताया कि टी.बी. में खांसी, सामान्य खांसी से अलग होती है ।यह लंबे समय तक बनी रहती है। धीरे-धीरे बढ़ती है और कई बार बलगम के साथ आती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना आवश्यक है ।उन्होंने बताया कि खांसी आने पर मुह ढंककर रखें। खुले में थूकने से बचें व स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम दौरान आधुनिक हैण्ड-होल्ड एक्स-रे मशीन से 47 उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग दौरान संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों में से 13 लोगों के स्पूटम सेम्पल ''नॉट'' जॉच हेतु एकत्रित किए गए। इस दौरान सीएचओ विकास सिंह मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोहटा में टी.बी. की जोखिम वाले 53 लोगों की आधुनिक हैण्ड-होल्ड एक्स-रे मशीन से टी.बी. स्क्रीनिंग की गई व टी.बी. संदिग्ध13 व्यक्तियों के स्पूटम सैम्पल लिए गये। इस दौरान मेडिकल ऑफीसर अभिषेक मोदी विशेष रूप से मौजूद रहे ।इसी तरह आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरदुआ सड़क में 38 लोगों की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई व 18 लोगों के सेम्पल जॉच हेतु एकत्रित किए गए। सीएचओ पूजा अठया मौजूद रहीं। टी.बी. के सामान्य लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बलगम में खून आना, बुखार, वजन में कमी, भूख न लगना या रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह टी.बी.के संकेत हो सकते है ।कार्यक्रम दौरान डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, एस.टी.एस. देवेन्द्र अहिरवार, हैंड होल्ड एक्स-रे सहयोगी श्री मानक लाल रैकवार, हेमंत यादव जिला स्तरीय टीम में शामिल रहे।